# 32 राज्यों के 880 खिलाड़ी लक्ष्य पर साधेंगे निशाना

## सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग स्पर्धा का शुभारंभ



**भोपाल, 5 जनवरी. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल जिले में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है.**

प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार 5 जनवरी से हुई, जो 9 जनवरी तक चलेगी. सोमवार को महापौर मालती राय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं 19 वर्ग के स्कूली बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं.

स्पर्धा में उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, केरल, झारखंड, असम, बिहार, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, गोवा, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश सहित देश के 32 राज्यों के 880 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. इनमें 433 बालक एवं 447 बालिका खिलाड़ी शामिल हैं. साथ ही 171 कोच भी शामिल हैं. इस प्रकार कुल 1051 प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं.

**3 जगहों पर हो रही स्पर्धा**

69वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा राइफल शूटिंग स्पर्धा का आयोजन 3 जगहों पर किया जा रहा है. मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी, बिसनखेड़ी में पीप एवं पिस्टल साइड, बाल भवन श्यामला हिल्स में ओपन साइड एवं सरस्वती शिशु मंदिर शारदा विहार में केरवा डेम रोड में ओपन साइड स्पर्धा शामिल है.




### खेल कोई भी हो, खिलाड़ी ही उसका महत्व समझते हैं : महापौर

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि खेल कोई भी हो, उसे खेलने वाला ही उसके महत्व को सही मायने में समझता है. उन्होंने भोपाल आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे प्रतियोगिता के साथ-साथ भोपाल शहर का भ्रमण भी करें. महापौर ने कहा कि भोपाल की पहचान झीलों की नगरी के रूप में है. खिलाड़ी बोट क्लब में जाकर शिकारा भ्रमण का आनंद लें. साथ ही राष्ट्रीय स्तर के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें.

# महिला क्रिकेटर क्रांति के पिता की नौकरी हुई बहाल

**▸ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्रांति गौड़ से किया वादा निभाया**

**भोपाल, 5 जनवरी. सीएम डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर व मप्र की प्रतिभावान खिलाड़ी क्रांति गौड़ से किए वादे को निभाते हुए उनके पिता मुन्ना सिंह की वर्षों से निलंबित नौकरी को सोमवार को बहाल करवा दिया है.**

गौरतलब है कि विगत दिनों महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत के बाद आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रदेश की प्रतिभाशाली क्रिकेटर क्रांति गौड़ से उनके पिता की नौकरी बहाल करने का आश्वासन दिया था. जिसे उन्होंने नियमों के तहत निभाया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा मुन्ना सिंह को पुनः सेवा में बहाल कर दिया गया है. उल्लेखनीय है कि मुन्ना सिंह, जो मध्य प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे. वर्ष 2012 में चुनावी ड्यूटी के दौरान कथित लापरवाही के कारण निलंबित कर दिए गए थे. बीते 13 वर्षों से लंबित यह मामला अब मुख्यमंत्री की पहल से सकारात्मक समाधान तक पहुंचा है.



**क्रांति का सपना हुआ साकार**

इस निर्णय से गौड़ परिवार को न केवल आर्थिक और सामाजिक संबल मिला है, बल्कि क्रांति गौड़ का वह सपना भी साकार हुआ है, जिसमें वे अपने पिता को सम्मानपूर्वक पुलिस वर्दी में सेवानिवृत्त होते देखना चाहती थीं.

# विद्यार्थियों ने देखी चंदेरी साड़ियों की बुनाई

## एसजीएसयू के विद्यार्थियों ने किया चंदेरी का भ्रमण



**भोपाल, 5 जनवरी. स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) भोपाल के स्कूल ऑफ डिज़ाइन द्वारा विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक वस्त्र कला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय संस्कृति से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था.**

यह शैक्षणिक भ्रमण विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, डीन एकेडमिक्स डॉ. वी. के. गुप्ता तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. विनोद कुमार शर्मा,स्कूल ऑफ डिज़ाइन प्रमुख मेघा थापा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने चंदेरी की समृद्ध सांस्कृतिक एवं वस्त्र विरासत को नजदीक से समझा. उन्हें चंदेरी बुनाई की संपूर्ण प्रक्रिया—सूत्र (यार्न) की तैयारी, रंगाई तथा करघे पर बुनाई की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई. साथ ही विद्यार्थियों ने स्थानीय बुनकरों एवं कारीगरों से संवाद कर पारंपरिक तकनीकों, शिल्प कौशल और उनके अनुभवों को जाना. इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने पारंपरिक डिज़ाइनों, मोटिफ्स, रंग संयोजन, बनावट एवं वस्त्र गुणवत्ता की गहरी समझ विकसित की.



# जितेंद्र बने समाज के अध्यक्ष

**भोपाल, 5 जनवरी . राजधानी भोपाल के बरखेड़ी क्षेत्र में अहीर यादव समाज के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव रविवार को हुए . चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.**

जितेंद्र यादव ने जीत दर्ज की. जीत के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा और दोनों प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया. इस अवसर पर जितेंद्र यादव ने समाज के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे यादव समाज के हित, एकता और विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे. वहीं समाज के विशाल यादव, एडवोकेट विनोद यादव, गेंदा पहलवान, श्याम यादव सहित सभी समाजनों ने बधाई दी. चुनाव अधिकारी बीडी यादव यादव ने बताया कि 359 में से 340 लोगों ने मतदान किया. जिसमें 5 मत निरस्त किए.

# ओमप्रकाश ने ग्रहण किया एमडी का कार्यभार

**▸ एनएचडीसी लिमिटेड में हुई पदस्थापना**

**भोपाल, 5 जनवरी. प्रदेश के अग्रणी जलविद्युत उत्पादन कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड में ओम प्रकाश ने प्रबंध निदेशक (एमडी) का कार्यभार ग्रहण किया है. इससे पूर्व ओम प्रकाश एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत मे कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत थे.**

उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया, जिसके उपरांत वर्ष 1994 में एनएचपीसी की हिमाचल प्रदेश स्थित चमेरा-I जलविद्युत परियोजना में प्रशिक्षु अभियंता (इलेक्ट्रिकल) के रूप में अपना करियर शुरू किया. एनएचपीसी में 32 वर्ष से अधिक अपने सेवाकाल में ओम प्रकाश ने नई ऊंचाइयों को छुआ और विविध कार्यक्षेत्रों मे निपूर्णता से कार्य करते हुए चमेरा-II विद्युतगृह परिसंचालन व रखरखाव कार्य मे विशिष्ट भूमिका निभाई. एनएचडीसी निगम मुख्यालय एवं इंदिरासागर परियोजना में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहते हुए एनएचडीसी की दोनों परियोजनाओ की कमीशनिंग मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया.



एनएचडीसी लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड एवं मध्य प्रदेश शासन का एक संयुक्त उद्यम है, जो कि सन् 2000 में स्थापित हुई थी . वर्तमान में इसके दो पावर स्टेशन इंदिरा सागर (1000 मेगावाट) व ओंकारेश्वर (520 मेगावाट) तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों के तहत दो सोलर परियोजना - सांची सोलर प्रोजेक्ट (08 मेगावाट) व ओंकारेश्वर सोलर फ्लोटिंग प्रोजेक्ट (88 मेगावाट) से उत्पादित शत प्रतिशत विद्युत मध्यप्रदेश राज्य को दी जा रही है .

### एक नजर में




**सुभाष खेल मैदान पर हुआ हिंदू सम्मेलन**

**भोपाल.** शहर के सुभाष खेल मैदान पर सोमवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई और विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं. विराट हिंदू सम्मेलन समिति के सदस्य रिंकू भटेजा ने बताया कि अभिरुचि बस्ती का हिंदू सम्मेलन माधव सिंह दांगी, संतोष शर्मा, भक्ति शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुआ. हिंदू सम्मेलन में बस्ती के 11 मंदिरों से महिलाओं द्वारा पीतांबरी वस्त्रों में कलश-यात्रा लाई गई. आयोजन स्थल पर रंगोली, झंडा ऊंचा रहे हमारा और आदर्श हिंदू घर प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं. कार्यक्रम का शुभारंभ गौ-पूजन कर अभिरुचि क्षेत्र के ग्यारह मंदिरों के पंडित, पुजारियों द्वारा 11 शंखों से शंखनाद कर हिंदू एकता के संकल्प के साथ हुआ. कार्यक्रम में बस्ती के सभी सफाई कर्मियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. रितु शर्मा द्वारा एवं आभार आयोजन समिति के महामंत्री राजेंद्र चौधरी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की महाआरती की आरती की गई. जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए.

**मृगनयनी जीटीबी में चंदेरी उत्सव कल से**

**भोपाल.** भोपाल में पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा चंदेरी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह उत्सव 7 जनवरी से 18 जनवरी तक जीटीबी कॉम्पलेक्स स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में आयोजित होगा. चंदेरी उत्सव में प्रसिद्ध चंदेरी बुनकर मो. शपीक खान और मो. माजिद अली अपने उत्कृष्ट हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगे.

# भारत भवन में होगा देश का पहला महाभारत समागम

## भारत के साथ ही विदेशी कलाकार देंगे प्रस्तुति

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 5 जनवरी. द्रौपदी के प्रश्नों से लेकर कर्ण के अंतर्द्वंद्व तक, शिखंडी के शौर्य से लेकर अभिमन्यु के चक्रव्यूह तक महाभारत की कथाओं की प्रस्तुति 16 से 24 जनवरी तक भारत भवन के मंचों पर होंगी. यह देश का पहला और अब तक का सबसे बड़ा महाभारत समागम होगा. यह जानकारी सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में वीर भारत न्यास के सचिव श्रीराम तिवारी ने दी.**

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत यह नौ दिवसीय आयोजन महाभारत को केवल युद्ध कथा नहीं, बल्कि शांति, संवाद, करुणा और सभ्यतागत विवेक के महाकाव्य के रूप में प्रस्तुत करेगा. जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे. समागम में नाटक नृत्य, नाट्य कथकली, छाऊ, ओडिसी, कुचिपुड़ी, यक्षगान, पंडवानी जैसी लोक और शास्त्रीय प्रस्तुतियां होंगी. इसके साथ ही कठपुतली समारोह अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और इमर्सिव डोम थियेटर के माध्यम से महाभारत आधारित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा. भारत भवन परिसर के रंगमंच अभिरंग और अन्य सभागारों में प्रतिदिन पूर्वरंग, अंतरंग और बहिरंग सत्रों में कार्यक्रम होंगे. तिवारी ने कहा कि आज रूस, यूक्रेन सहित कई देश युद्ध से जूझ रहे हैं. ऐसे समय में महाभारत का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है. कृष्ण ने युद्ध से पहले संवाद और शांति का मार्ग चुना और यही भाव इस समागम का मूल उद्देश्य है. उन्होंने बताया इस आयोजन में भारत के साथ इंडोनेशिया, श्रीलंका और जापान के प्रतिष्ठित रंग समूह अपनी प्रस्तुतियां देंगे. जापान के हिरोशी कोइके ब्रिज कंपनी महाभारत नाटक योद्धा का मंचन करेगी. जबकि श्रीलंका. इंडोनेशिया और भारत के विभिन्न राज्यों के कलाकार अलग-अलग शैलियों में महाभारत प्रसंग प्रस्तुत करेंगे.



मध्यप्रदेश के कलाकारों की सहभागिता भी इस समागम की विशेष पहचान होगी. साथ ही नेपथ्य, अस्त्र-शस्त्र, चक्रव्यूह और महाभारत आधारित चित्रों की प्रदर्शनी पुस्तकों का लोकार्पण और सभ्यताओं के संघर्ष एवं औदार्य विषय पर विमर्श भी आयोजित होंगे.

# तीन टीवी-फिल्म कलाकार होंगी कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित

**▸ 11 को होगा कायस्थम-26 का आयोजन**

**भोपाल, 5 जनवरी. कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा 11 जनवरी को कायस्थम-26 के समारोह में कायस्थ समाज की उभरती हुई टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव को फिल्म एवं कला जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा.**

कायस्थम का यह आयोजन रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 4 बजे से होगा. कार्यक्रम में अनेक विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे, जिनमें श्री चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज और महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश जी भी शामिल हैं. इन्हें भी कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा.

कायस्थम की महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना के अनुसार कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाली यह तीनों कलाकार भोपाल की निवासी है, विगत कई वर्ष से टीवी सीरियल, फिल्मों और वेब सीरीज में कार्य कर रही हैं.

# नाटक में सावित्रीबाई फुले के संघर्ष का मंचन

**भोपाल, 5 जनवरी. मंच पर जैसे ही सावित्रीबाई फुले के हाथ में स्लेट और आंखों में अटूट संकल्प दिखाई दिया, दर्शक एक पल में उन्नीसवीं सदी के उस दौर में पहुंच गए, जब शिक्षा लेना और देना दोनों ही साहस का काम था.**

एकल अभिनय में रेणुका बरमैया ने सावित्रीबाई फुले के संघर्ष, अपमान और अदम्य जिजीविषा को इस तरह जिया कि सभागार देर तक मौन और फिर तालियों से गूंज उठा. दृष्टिमन रंग कला एवं समाज कल्याण समिति की प्रस्तुति एकांकी नाटक हां मैं सावित्रीबाई फुले का मंचन सोमवार को अजाक्स कार्यालय पंचशील नगर में हुआ. नाटक सावित्रीबाई फुले के जीवन के उन महत्वपूर्ण पड़ावों को सामने लाता है, जहां उन्होंने समाज की रूढ़ियों से टकराकर शिक्षा को हथियार बनाया. 1848 में पुणे में पहले बालिका विद्यालय की स्थापना से लेकर जातिवाद, छुआछूत और बाल विवाह के खिलाफ उनके संघर्ष को प्रभावी दृश्यों में पिरोया गया. रेणुका बरमैया ने सावित्रीबाई के चरित्र को केवल एक समाज सुधारक के रूप में नहीं बल्कि एक संवेदनशील और दृढ़ नारी के रूप में प्रस्तुत किया.




**तैयारी** ▸ श्रद्धालुओं को वितरित किए तुलसी के पौधे, 11 जनवरी को होगा सम्मेलन

# तुलसी बस्ती में हिंदू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन

**भोपाल, 5 जनवरी. शहर की तुलसी बस्ती में आगामी 11 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों के तहत रविवार को सम्मेलन स्थल पर भूमिपूजन किया गया. सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में तुलसी नगर स्थित अनंता स्कूल परिसर में सनातन परंपराओं के अनुसार भूमि पूजन कर आयोजन स्थल को देवस्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया गया.**



कार्यक्रम की शुरुआत सेकंड स्टॉप स्थित देवी मंदिर से रैली के साथ हुई, जो आयोजन स्थल तक पहुंची. भूमिपूजन के बाद उपस्थित नागरिकों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण और धार्मिक चेतना का संदेश भी दिया गया.

**कार्यकर्ता हिंदू समाज को एकजुट करें : पिपली**

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह यशवंत पिपली, जिला प्रचारक राजेश दांगी, महावीर नगर नगर कार्यवाह मथुरा प्रसाद राजपूत, आरोग्य भारती के अखिल भारतीय कार्यालय प्रमुख मिहिर, अनंता स्कूल के मुख्य विजय सिंह, हिंदू आयोजन समिति तुलसी बस्ती के संयोजक डॉ. रामदीन त्यागी, एन.के. जैन, मातृशक्ति सहसंयोजक डॉ. ब्रिज त्रिपाठी, सोनू पालीवाल, अश्वनी कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय पार्षद ब्रिजुला सचान सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में जिला कार्यवाह यशवंत पिपली ने कहा कि भूमिपूजन के माध्यम से भगवान को विधिवत आमंत्रित किया गया है. अब सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर घर-घर निमंत्रण पहुंचाएं और समाज को एकजुट कर 11 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह करें.